पत्रिका

राजस्थान में बड़ा खेल, नकली दूध को बता दिया असली, खाद्य सुरक्षा अधिकारी APO, 2 कॉन्स्टेबल सस्पेंड

टोंक। मालपुरा उपखंड के डिग्गी कस्बे में गत दिनों डीएसटी की ओर से पकड़ी गई नकली दूध बनाने की फैक्ट्री से जुड़े मामले में पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीना ने दो पुलिस कांस्टेबल को निलंबित कर दिया। वहीं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मालपुरा क्षेत्र के खाद्य निरीक्षक को एपीओ कर दिया। यह कार्रवाई उक्त पुलिसकर्मियों और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की लापरवाही के आधार पर की गई है।

गौरतलब है कि गत 2 जनवरी को डीएसटी और डिग्गी थाना पुलिस ने मिलावटी दूध बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। मौके से करीब 5500 लीटर मिलावटी दूध, 5 पिकअप और दूध का एक टैंकर सहित भारी मात्रा में केमिकल जब्त किया था। मामले में टीम ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

Source: https://www.patrika.com/tonk-news/food-safety-officer-apo-and-two-constables-suspended-in-tonk-20364865